दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 23 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. गंगा और उसकी सहायक नदियों में उफान के चलते प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुयी है। भागलपुर–जमालपुर रेलखंड पर आज भी आठ जोड़ी ट्रेन रद्द।

02. राज्य सरकार ने बाढ़ के कारण नष्ट हुयी फसलों का आकलन चौबीस घंटे के अंदर पूरा करने का अधिकारियों को निर्देश दिया

03. राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती आज। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर दिनकर ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल।

04. और, एशिया रग्बी अंडर– एटीन प्रतियोगिता में पहली बार बिहार के आठ खिलाड़ियों का चयन।

---

गंगा और उसकी सहायक नदियों में उफान के चलते प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुयी है। आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी के किनारे स्थित बारह जिलों पटना, वैशाली, बक्सर, भोजपुर, सारण, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार के चौंसठ प्रखंडों की तीन सौ इकसठ पंचायतें बाढ़ से प्रभावित हैं। लगभग तेरह लाख की आबादी बाढ़ की चपेट में है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

आपदा प्रबंधन विभाग ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की तैनाती की है। प्रभावित इलाकों में तीन सौ उनतीस सामुदायिक रसोई घर का संचालन किया जा रहा है। साथ ही आठ राहत शिविर भी चलाए जा रहे हैं। इन शिविरों में लगभग चार हजार लोग रह रहे हैं। बाढ़ प्रभावितों के बीच अबतक एक लाख चौदह हजार छह सौ पॉलिथिन शीट और सूखे राशन के उनीस हजार छह सौ पैकेट वितरित किए गये हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एक हजार चार सौ नावों का परिचालन किया जा रहा है। साथ ही बीस बोट एम्बुलेंस के माध्यम से लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों के साथ–साथ दवाओं की भी व्यवस्था की गयी है। साथ ही पशुओं के लिए पशु चारा और दवा उपलब्ध कराई जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से मैं डॉ. सविता पारीक।

भागलपुर में गंगा नदी अपने रौद्र रूप में है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बरियारपुर–रतनपुर स्टेशन के बीच पुल संख्या– एक सौ पंचानवे के गार्डर पर नदी का

पानी पहुंचने के बाद आज आठ जोड़ी ट्रेन रद्द कर दी गयी हैं। वहीं, बीस ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से किया जा रहा है।

---रिपोर्ट---

भागलपुर–जमालपुर रेलखंड स्थित बरियारपुर–रतनपुर स्टेशन के बीच पुल संख्या– एक सौ पंचानवे के गार्डर पर नदी का पानी पहुंचने के बाद सुरक्षा की दृष्टि से इस रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया है। डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि आठ जोड़ी ट्रेनों का परिचान रद्द कर दिया गया है, जबकि बीस ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से किया जा रहा है। जिन ट्रेनों को रद्द किया गया है– उसमें पटना–दुमका, दानापुर–भागलपुर इंटरसिटी, सरायगढ़–देवघर स्पेशल ट्रेन और कविगुरू एक्सप्रेस ट्रेन शामिल हैं। डीआरएम ने बताया कि रेलवे की टीम जलस्तर पर नजर रख रही है। पानी कम होने के बाद ही ट्रेनों का परिचालन फिर से शुरू किया जाएगा। इधर, जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति में भी कोई सुधार नहीं है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से बिनोद कुमार।

इधर, पटना से हमारे संवाददाता ने बताया कि विभिन्न घाटों  पर गंगा नदी के जलस्तर में गिरावट आने के बावजूद बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है।

---रिपोर्ट---

पटना के दीघाघाट पर गंगा नदी के जलस्तर में पिछले चौबीस घंटों के दौरान पचास सेंटीमीटर की कमी दर्ज की गयी है। हालांकि नदी का जलस्तर अभी भी दीघा घाट के साथ–साथ हाथीदह और गांधी घाट पर खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। जल संसाधन विभाग ने आज नदी के जलस्तर में और गिरावट की संभावना जताई गयी है। इधर, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की परेशानियां बनी हुयी है। जिले में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए एक सौ आठ नाव का परिचालन किया जा रहा है। साथ ही बारह जगहों पर सामुदायिक रसोई घर संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा पशु चारे की व्यवस्था भी की गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

खगड़िया जिले के नए इलाकों में गंगा और गंडक नदी का पानी प्रवेश कर गया है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से––

---रिपोर्ट---

खगड़िया जिले के बाईस ग्राम पंचायत और तीन नगर पंचायत बाढ़ से प्रभावित हैं। जिलाधिकारी अमित कुमार पांडेय ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में इक्यासी नाव का परिचालन किया जा रहा है। दो हजार पांच सौ बानवे लोगों को सुरक्षित निकाला गया है, जिनके लिए तेरह सामुदायिक रसोई घर संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ पीड़ितों के बीच पॉलिथिन शीट, सूखे राशन के पैकेट, पशु चारा और आवश्यक दवाओं का विरतण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ नियंत्रण विभाग के अभियंता गोगरी नारायणपुर तटबंध पर पानी के बढ़े दबाव पर लगातार नजर बनाए हुये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

बेगूसराय जिले में भी बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। ब्यौरे के साथ हैं हमारे संवाददाता––

---रिपोर्ट---

बेगूसराय जिले के बलिया, तेघड़ा, मटिहानी और साहेबपुर कमाल समेत आठ अंचल की एक लाख से अधिक की आबादी बाढ़ की चपेट में है। नदी के तेज कटाव के कारण मटिहानी प्रखंड के सिंहपुर गांव में ग्यारह घर नदी के गर्भ में समा गए। बेगूसराय के जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिये हैं। इस बीच, बाढ़ पीड़ितों में सरकार की ओर से पर्याप्त सहायता उपलब्ध नहीं कराने को लेकर आक्रोश भी देखा जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

इधर, मुंगेर जिले में भी गंगा नदी लगातार तबाही मचा रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बाढ़ का पानी सड़कों पर आ जाने से आवागमन बाधित हुआ है।

———रिपोर्ट———

बरियारपुर और मुंगेर के बीच एनएच–अस्सी पर बाढ़ का पानी चढ जाने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बरियापुर और खड़गपुर के बीच स्टेट हाईवे पर भी जगह–जगह नदी का पानी चढ़ गया है। मुंगेर शहर के लाल दरवाजा, लल्लू पोखर और खानकाह रोड पर भी पानी आ जाने से आवागमन व्यवस्था प्रभावित हुयी है। इस बीच, जिला प्रशासन की ओर से बाढ प्रभावित क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर राहत अभियान चलाया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

इधर, बक्सर, भोजपुर, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, लखीसराय और कटिहार जिले में भी बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने बाढ़ के कारण नष्ट हुयी फसलों का आकलन चौबीस घंटे के अंदर पूरा करने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। कृषि विभाग ने इस संबंध में सभी जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी और कृषि समन्वयकों को आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि पंचायतवार फसलों के साथ–साथ मौसमी फल और सब्जी को हुयी क्षति का आकलन सुनिश्चित कराया जाए। अधिकारियों से खेतों में जाकर फसल क्षति का आकलन करने और किसानों का हर संभव सहायता उपलब्ध कराने को कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि खेतों में लगी फसल को हुयी क्षति के साथ–साथ किसानों को अगली फसल लगाने के लिए भी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

———————————————————————

प्रदेश में इस वर्ष मानसून सीजन के दौरान सामान्य से अट्ठाईस प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में अब तक नौ सौ अड़तीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए थी लेकिन छह सौ सड़सठ दशमलव एक मिलीमीटर ही बारिश रिकॉर्ड की गई। सारण में सबसे कम तीन सौ पचहत्तर दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। यह सामान्य से छप्पन प्रतिशत कम है। मधुबनी में सामान्य से तिरेपन प्रतिशत और वैशाली जिले में सामान्य से बावन प्रतिशत कम बारिश हुई है। इस बीच देश से मानसून ने वापसी के संकेत दे दिए हैं। राजस्थान और गुजरात के रास्ते मानसून वापस लौट रहा है।

———————————————————————

राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की आज एक सौ सोलहवीं जयंती है। आज ही के दिन उन्नीस सौ आठ में बेगूसराय के सिमरिया में उनका जन्म हुआ था। उन्हें राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना को जागृत करने वाली रचनाओं के लिए जाना जाता है। उन्नीस सौ बावन में वे संसद के उच्च सदन राज्यसभा के लिए चुने गये थे। रश्मिरथी, कुरूक्षेत्र, उर्वशी, संस्कृति के चार अध्याय और परशुराम की प्रतीक्षा उनकी प्रमुख रचनाएं हैं। उन्नीस सौ बासठ के भारत–चीन युद्ध की पृष्ठभूमि पर उनकी रचना **परशुराम की प्रतीक्षा** युद्ध की विभिषीका और उस समय के देश के हालात का वर्णन करती है। सुनते हैं, उनके स्वर में इस रचना के अंश।

———बाईट———

राष्ट्र कवि दिनकर की जयंती पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर बेगूसराय स्थित उनके पैतृक गांव दिनकर ग्राम में श्रद्धांजलि सभा समेत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर दिनकर उच्च विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का उद्‌घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता और सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार भी शिरकत करेंगे। वहीं, जिला प्रशासन की ओर से भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। दिनकर सम्मान समारोह के तहत राष्ट्रीय सम्मान वरिष्ठ कवि मदन कश्यप और दिनकर जनपदी सम्मान डॉ. शशि भूषण कुमार शशि को प्रदान किया जाएगा।

---

अगले साल हज पर जाने के लिए आवेदन करने की आज अंतिम तिथि है। हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर आवेदन पत्र उपलब्ध है। साथ ही हज सुविधा एप से भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। बिहार से हज यात्रा पर जाने का कोटा बारह हजार पांच सौ है। इसके विरुद्ध अब तक बिहार के एक हजार नौ सौ छत्तीस लोगों ने ऑनलाइन आवेदन दिए हैं।

---

पूर्णिया हवाई अड्डे पर अंतरिम टर्मिनल का निर्माण कर जल्द ही हवाई सेवा की शुरुआत की जाएगी। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से नई दिल्ली में मुलाकात के बाद यह जानकारी दी। श्री झा ने

कहा कि उड्डयन मंत्री ने बताया कि पूर्णिया हवाई अड्डे पर रन वे निर्माण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज जहानाबाद की कल्पा पंचायत में विभिन्न योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करेंगे। श्री कुमार पटना–गया–डोभी पथ पर बन रहे रेल ओवर ब्रिज का भी निरीक्षण करेंगे।

---

एशिया रग्बी अंडर– एटीन प्रतियोगिता में पहली बार बिहार से आठ खिलाड़ियों का चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता मलेशिया के जोहर में अट्‌ठाईस और उनतीस सितंबर को होगी। बालक और बालिका वर्ग में चार चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में से पांच पटना जिले के बाढ़ से हैं।

---

बेगूसराय जिले के एफसीआई थाना क्षेत्र से पुलिस ने पचास हजार रूपये के इनामी अपराधी प्रशांत कुमार को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है – सूबे में मुख्यमंत्री जन आरोग्या योजना शुरू। अंठावन लाख राशन कार्ड धारियों को जोड़ने का लक्ष्य।

**दैनिक जागरण** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – अयोध्या से सीतामढ़ी के बीच चले वंदे भारत ट्रेन। पुनौरा धाम के लिए रेल संपकर्ता को ले पीएम को लिखा पत्र।

**दैनिक भास्कर** ने प्रधामनमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमरीका दौरे से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अखबार लिखता है– भारत पीछे नहीं चलता, नेतृत्व करता है।

**प्रभात खबर** ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – लीची, मशरूम और मखाना उत्पादन में बिहार नम्बर वन। आलू और आम के उत्पादन में तीसरे, शहद में चौथे और केला में सातवें स्थान पर।

**राष्ट्रीय सहारा और आज** समेत सभी समाचार पत्रों ने बाढ़ से जुड़ी खबरों को सचित्र प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. गंगा और उसकी सहायक नदियों में उफान के चलते प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुयी है। भागलपुर–जमालपुर रेलखंड पर आज भी आठ जोड़ी ट्रेन रद्द।

02. राज्य सरकार ने बाढ़ के कारण नष्ट हुयी फसलों का आकलन चौबीस घंटे के अंदर पूरा करने का अधिकारियों को निर्देश दिया

03. राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती आज। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर दिनकर ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल।

04. और, एशिया रग्बी अंडर– एटीन प्रतियोगिता में पहली बार बिहार के आठ खिलाड़ियों का चयन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।